# रोगी सूचना

National Antibiotic Allergy Network

# पैनिसलीन से कम ख़तरे वाली एलर्जियाँ

इस दस्तावेज़ को आपके संबंधित स्वास्थ्य देखभाल प्रोफेशनल की सलाह की जगह नहीं लेनी चाहिए।

कई लोग एंटीबायोटिक्स से एलर्जिक रिएक्शन होने की सूचना देते हैं, विशेषकर पैनिसलीन से। पैनिसलीन से होने वाली कई एलर्जियाँ कुछ सालों के बाद दूर हो जाती हैं। आप यह पता करने के लिए एक सामान्य जाँच कर सकते हैं कि क्या आपको अब भी किसी पैनिसलीन से एलर्जी है।

## पैनिसलीन एलर्जी क्या होती है?

पैनिसलीन से होने वाले अनचाहे रिएक्शन को पैनिसलीन एलर्जी कहते हैं। यह गंभीर (प्राण-घातक) या हल्की हो सकती है।

गंभीर पैनिसलीन एलर्जी के चिन्हों में शामिल हैं:

- एनाफलैक्सिस (एक गंभीर और प्राण-घातक एलर्जिक रिएक्शन जो किसी ऐसी दवा, खाद्य-सामग्री से संपर्क में आने के बाद या किसी ऐसे कीड़े के काटने के बाद होता है जिससे आपको एलर्जी है)। एनाफलैक्सिस के चिन्हों और लक्षणों में शामिल हैं:
    - ब्लड प्रैशर का बहुत कम होना
    - नाड़ी या धड़कन का बहुत धीमा और/या तीव्र होना
    - किसी पदार्थ के संपर्क में आने के तुरंत बाद, अन्य लक्षणों के साथ चकत्ते होना
    - होंठों पर या जीभ पर सूजन

  *यदि आपको ख़ुद में एनाफलैक्सिस के कोई भी चिन्ह या लक्षण नज़र आयें, तो आपको तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए तुरंत 000 पर फोन करना चाहिए।*

- अस्वस्थता शुरु होने के साथ, चकत्ते हो जाना

## कम ख़तरे वाली पैनिसलीन एलर्जी क्या होती है?

कम ख़तरे वाली पैनिसलीन एलर्जी के कारण हल्के लक्षण होते हैं और इसके दोबारा होने की संभावना नहीं होती है। यदि आपमें निम्नांकित में से कुछ भी है तो, आपको कम ख़तरे वाली पैनिसलीन एलर्जी है:

- बचपन में या लंबे समय पहले, डॉक्टर द्वारा लिखा गया पैनिसलीन का कोर्स लेने के दौरान या पूरा होने के थोड़े समय बाद चकत्ता(त्ते) हुए थे
- पैनिसलीन का कोर्स पूरा करने के थोड़े समय बाद ही आपके शरीर के कुछ हिस्सों में चकत्ते हो गए हों
- 10 साल से भी ज़्यादा समय पहले पैनिसलीन से कोई ऐसा रिएक्शन हुआ हो जिसका कारण मालूम न हो

रोगी सूचना
दस्तावेज़ शीर्षक: पैनिसिलिन से कम ख़तरे वाली एलर्जियाँ

पैनिसलिन से होने वाले रिएक्शनों में से 90% (10 में से 9) समय के साथ लुप्त हो जाते हैं और संभवतया उनका कारण पैनिसलीन नहीं होता।

यदि आपको लगता है कि आपको पैनिसलीन युक्त एंटीबायोटिक से एलर्जी है, तो आपको इस बात की पुष्टि करने के लिए जाँच करवानी पड़ सकती है।

## यह कैसे पता किया जाए कि आपको पैनिसलीन से कम ख़तरे वाली एलर्जी है

आपके डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स द्वारा यह पता लगाने के लिए आपका आकलन किया जाएगा कि क्या आपको कम ख़तरे वाली या ज़्यादा ख़तरे वाली पैनिसलीन एलर्जी है या नहीं। आपसे प्रश्न पूछे जायेंगे और जितना संभव हो उतनी ज़्यादा जानकारी देना महत्वपूर्ण होता है। यदि आपके डॉक्टर को लगता है कि आपको कम ख़तरे वाली पैनिसलीन एलर्जी है, तो वे एक 'ओरल पैनिसलीन चैलेंज जाँच' करवाने के विकल्प के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। यह जाँच बहुत ही आसान और कम ख़तरे वाली होती है।

## ओरल पैनिसलीन चैलेंज जाँच क्या होती है?

इस जाँच के लिए, आपसे पैनिसलीन (थोड़ी सी मात्रा) का एक कैपसूल निगलने के लिए कहा जाएगा। एक नर्स द्वारा, यह देखने के लिए आप पर दो घंटे तक करीब से निगाह रखी जाएगी कि आपमें तुरंत कोई एलर्जिक रिएक्शन होता है या नहीं। यदि इस अवधि के दौरान कोई रिएक्शन नहीं होता है, तो आपको पैनिसलीन से तुरंत एलर्जी नहीं है। जाँच के कुछ दिन बाद हल्का चकत्ता (रैश) दिख सकता है, लेकिन ऐसा बहुत ही कम होता है। हम आपको घर ले जाने के लिए एक पत्र देंगे जिसमें एक फोन नंबर होगा, जिस पर उस स्थिति में आप फोन कर सकते हैं यदि आपको कोई ऐसी असामान्य चीज़ नज़र आए जो आपको लगे कि जाँच से संबंधित हो सकती है।

## ओरल पैनिसलीन चैलेंज जाँच करवाने के लाभ इस प्रकार हैं

यह जाँच करवाने से, आपको पता चल जाएगा कि आपको अब भी पैनिसलीन से एलर्जी है या नहीं।
यदि आपकी जाँच दर्शाती है कि आपको अब पैनिसलीन से एलर्जी नहीं है, तो आपके डॉक्टर के पास चुनने के लिए, एंटीबायोटिक्स के और अधिक विकल्प होते हैं। इसका अर्थ यह हो सकता है कि अपने संक्रमण के लिए आपको अधिक प्रभावशाली और सुरक्षित एंटीबायोटिक मिल जाए।

## क्या ओरल पैनिसलीन चैलेंज जाँच सुरक्षित होती है?

हाँ, इस जाँच में ख़तरा बहुत ही कम होता है। विश्व भर में हज़ारों लोग ये जाँच करवा चुके हैं। जाँच के बाद, बहुत से लोगों को यह मालूम हो गया कि वे सुरक्षित रूप से पैनिसलीन ले सकते हैं।

जाँच के दौरान, आपके नर्स या डॉक्टर द्वारा आपके ऊपर करीब से निगाह रखी जाएगी। यदि आपमें किसी एलर्जिक रिएक्शन के कोई भी चिन्ह आने लगते हैं, उदाहरण के लिए; चकत्ता (रैश), साँस लेने में कठिनाई, सूजन, या ब्लड प्रैशर अथवा नाड़ी में कोई बदलाव, तो आपके नर्स या डॉक्टर द्वारा तुरंत आपका ईलाज किया जाएगा।

रोगी सूचना
दस्तावेज़ शीर्षक: पैनिसिलिन से कम ख़तरे वाली एलर्जियाँ

## आपके जाँच करवा लेने के बाद क्या होता है?

आपको और आपके डॉक्टर(रों) को जाँच के परिणामों के बारे में सूचित किया जाएगा।
आपमें से, हरेक को एक पत्र मिलेगा जिसमें निम्नांकित विवरण होगा:

- जाँच का नाम और आपकी जाँच का परिणाम
- उन एंटीबायोटिक्स का(के) नाम जिन्हें आप निश्शंक होकर ले सकते हैं।

सभी परिणामों को आपके मेडिकल इतिहास में डाल दिया जाएगा।

**सुनिश्चित करें कि आपके सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को आपकी एंटीबायोटिक एलर्जियों के बारे में मालूम है।**
**आप अपनी एलर्जी सूचना को अपने माय हैल्थ रिकॉर्ड** (My Health Record) **में दर्ज कर सकते हैं।**
**अपने किन्हीं भी एलर्जी अलर्ट कार्डों को हमेशा अपने साथ रखना महत्वपूर्ण है।**

और अधिक जानकारी के लिए कृपया यह वेबसाइट देखें:
https://antibioticallergy.org.au/

आपात-स्थिति होने पर, कृपया एम्बुलैंस के लिए 000 डायल करें या अपने नज़दीकी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में जाएँ।

प्रस्तुत करने की तिथि: मार्च 2023